Transport for NSW

# सड़क सुरक्षा




## 40 किमी/घंटा स्कूल क्षेत्र

40 किमी/घंटा की गति सीमा वाले स्कूल जोन स्कूलों के आस-पास की सड़कों पर यातायात को धीमा कर देते हैं। यह बच्चों को स्कूल आने-जाने के दौरान उन समयों और स्थानों पर सुरक्षित रखने के लिए है, जहाँ वे अक्सर बड़ी संख्या में होते हैं। कम गति सीमा, दुर्घटना के जोखिम और संभावित गंभीरता को कम करती है।

40 किमी/घंटा की गति सीमा वाले स्कूल क्षेत्रों में, यह गति सीमा सुबह 8.00 बजे से 9.30 बजे के बीच और दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.00 बजे के बीच लागू होती है। एनएसडब्ल्यू में थोड़े बहुत ऐसे स्कूल क्षेत्र भी हैं जहाँ गति सीमा लागू होने का समय, इस समय से अलग होता है। इन जगहों पर निर्दिष्ट स्कूल जोन गति सीमा का पालन करना अनिवार्य है, भले ही स्कूली बच्चे दिखाई न दें।

40 किमी/घंटा की गति सीमा वाले सभी क्षेत्रों में यह गति सीमा सभी अधिसूचित स्कूल दिवसों पर लागू होती है, जिसमें स्टाफ डेवलपमेंट दिवस (छात्र-मुक्त दिन) शामिल हैं। हालाँकि कुछ स्कूलों की टर्म के शुरु और समाप्त होने की तारीखें अलग हो सकती हैं लेकिन, एनएसडब्ल्यू सरकार द्वारा निर्धारित स्कूल टर्म्स अवधियों के दौरान स्कूल क्षेत्र गति सीमाओं का पालन करना अनिवार्य है।

आपको स्कूल सत्र की तारीखें निम्नलिखित वेबसाइटों पर मिल सकती हैं:

- **transport.nsw.gov.au/roadsafety**
- **education.nsw.gov.au**

40 किमी/घंटा की गति वाले स्कूल क्षेत्र के बारे में वाहन चालकों की जागरूकता बढ़ाने के लिए, त्रिकोणीय 'ड्रैगन के दांत' के सड़क चिन्हों से संकेत मिलता है कि वाहन, स्कूल क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है।

यदि स्कूल क्षेत्र में निर्धारित गति सीमा का पालन नहीं किया जाता है तो जुर्माना लगाया जाएगा और डिमेरिट अंक काटे जाएंगे। जुर्माने और डिमेरिट अंकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए **transport.nsw.gov.au** पर जाएं

**सड़क पर सुरक्षित रूप से यात्रा करने की आदतें बच्चे आपसे सीखते हैं और जब वे अकेले यात्रा करने लायक बड़े हो जाएंगे तो वे इन्हें जारी रखेंगे।**

सड़क पर बच्चों को सुरक्षित रखने के बारे में अधिक जानकारी के लिए **safetytown.com.au** पर परिवार (families) सैक्शन देखें।

स्टॉक कोड 45095237 जून 2024 © ट्रांसपोर्ट फॉर NSW

NSW GOVERNMENT

एनएसडब्ल्यू की सड़कों पर बहुत सी जानें गईं हैं।
**हमारा लक्ष्य इसे शून्य बनाना है।**

TOWARDS ZERO